वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) भारतीय रिजर्व बैंक के पास 1993 और 1994 के आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं । भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने जून 1992 के अंत तक उत्तर प्रदेश राज्य में कृषि के लिए 447.00 करोड़ रूपए के ऋणों का संवितरण किया था ।

(ख) भारतीय रिजर्व बैंक की सूचना प्रणाली से लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की संख्या के बारे में सूचना प्राप्त नहीं होती है । फिर भी, जिन खातों में उपर्युक्त राशि संवितरित की गई उन खातों की संख्या 3,57,592 थी ।

(ग) से (ङ) भारतीय रिजर्व बैंक आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने के पश्चात् उस मियाद/अवधि से संबंधित आंकड़े एकत्र नहीं करता है जिसके बाद ऋण संवितरित किए जाते हैं । फिर भी, भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंको से कहा है कि वे 25,000 रूपए तक की ऋण सीमा वाले सभी ऋण आवेदन पत्रों को दो सप्ताह के अंदर-अंदर और 25000 रुपए से अधिक की ऋण सीमा के सभी आवेदन पत्रों को 8 से 9 सप्ताह के अंदर-अंदर निपटा दें । कमजोर वर्गों के प्रस्तावों को उच्च प्राधिकारियों के पास भेजे बिना ऐसे प्रस्तावों को मंजूर करने के विवेकाधिकार शाखा प्रबंधकों को सौंपे जा सकते हैं । कमजोर वर्गों से प्राप्त ऋण प्रस्तावों को शीघ्र ही निपटाना होता है । ग्रामीण शाखा प्रबंधकों को ऋण आवेदन पत्र मंजूर करने की उपयुक्त शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं ताकि अधिकांश ऋण आवेदन पत्र शाखा स्तर पर ही मंजूर किए जायें ।

ग्रामीण औद्योगिक विकास के लिए ब्लाक

* 4420. **चौधरी हर मोहन सिंह** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने ग्रामीण औद्योगिक विकास के लिए दस ब्लाकों को चुना है,

(ख) यदि हां, तो इन ब्लाकों का ब्यौरा क्या है, और

(ग) इन ब्लाकों में प्रायोगिक आधार पर किये गये कार्यों पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और ऐसे कार्यों का ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) और (ख) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने सूचित किया है कि उसने ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक विकास के लिए 10 ब्लाकों का चयन किया है । ऐसे ब्लाकों के नाम तथा उन राज्यों के नाम जहां वे अवस्थित हैं, नीचे दिए गए हैं :–

ब्लाक का नाम	राज्य
भीमगल	आंध्र प्रदेश
गया	बिहार
रैत	हिमाचल प्रदेश
दानसल	जम्मू व कश्मीर
कोठमंगलम	केरल
बोरीगुमा	उड़ीसा
कृष्णगर्भाल	राजस्थान
चौबेपुर	उत्तर प्रदेश
पुरूलिया	पश्चिम बंगाल
केसला	मध्य प्रदेश

(ग) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने 1983-84 के दौरान ग्रामीण औद्योगिकीकरण के क्षेत्र में देश के विभिन्न भागों में 10 चयित ब्लाकों में अभिनव प्रयोग करने के लिए प्रायोगिक कार्यक्रम चलाया था । भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के ब्लाक चयन कार्यक्रम के लिए 3 लाख रुपए प्रति ब्लाक वार्षिक सहयोग था । यह कार्यक्रम जून 1991 में पूरा हुआ था । क्योंकि यह महसूस किया गया था कि उस समय तक आत्मनिर्भर विकास का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा । 31-3-93 तक उपर्युक्त वर्णित ब्लाकों में 2187 एककों की स्थापना की गई जिसमें 226.04 लाख रुपये लगाए गए और 5845 व्यक्तियों को रोजगार दिया गया ।

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने यह भी सूचित किया है कि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक जैसे अन्य अभिकरण अब ब्लाक अंगीकरण कार्यक्रमों को लागू कर रहे हैं ।

Promotions in Customs Department

4421. SHRI MOOL CHAND MEENA : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether 'B' Class Officers in Customs Department have been promoted as 'A' Class Officers during the last three years ; if so, what is the total number of such Officers ;

(b) what is the number of Officers belonging to Scheduled Tribes promoted during the last three years ; and

(c) what are the reasons for effecting promotions from 'B' Class to 'A' Class four times in one year ?